एसपीए अपने दसवें दीक्षा समारोह में लगाएगा प्रदर्शनी

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) का दसवां दीक्षा समारोह 28 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम शाम चार बजे से होगा। मुख्य अतिथि सदस्य सचिव इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र डा. सच्चिदानंद जोशी होंगे जो इतिहास और जनसंचार के विद्वान, लेखक, कवि एवं अभिनेता भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापक डा. हाकम दान चारण करेंगे।

इस अवसर पर 241 स्नातकों (80 स्नातक, 156 परास्नातक, 5 पीएचडी) को उपाधियां प्रदान की जाएगी। समारोह के दौरान दो उत्कृष्टता पदक, नौ प्रवीणता स्वर्ण पदक संबंधित विभागों के टापरों को बांटे जाएंगे। साथ ही नौ सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। पिछले शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के दौरान विभागों एवं विभिन्न कक्षाओं के विधार्थियों के द्वारा बनाए गए चयनित शैक्षणिक कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा।